उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

निकट– महाराणा प्रताप स्पोटर्स कॉलेज, थानों रोड़, रायपुर देहरादून।

(वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in ई–मेल–chayanayog@gmail.com)

पत्रांकः– 308 /गोपन/2024–25 **दिनांकः 14 नवंबर, 2024**

विज्ञप्ति

आयोग द्वारा जारी विज्ञापन संख्या–55/उ0अ0से0च0आ0/2024 दिनांक 16 फरवरी, 2024 एवं विज्ञापन संख्या 63/उ0अ0से0च0आ0/2024 दिनांक 25 सितंबर, 2024 में अनुदेशक संवर्ग व विभिन्न विभागों के तकनीकी संवर्ग के पदों की लिखित परीक्षा दिनांक **20 नवंबर, 2024 से 14 दिसंबर, 2024** तक 03 पालियों में प्रथम पाली प्रातः 09:00 बजे से 11:00 बजे तक द्वितीय पाली मध्याह्न 12:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे तक एवं तृतीय पाली सायं 03:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक आयोजित की जा रही है।

उक्त पदों की लिखित प्रतियोगी परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र 15 नवंबर, 2024 से आयोग की बेवसाइट पर प्रकाशित किये जा रहे हैं। सभी अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र आयोग की बेवसाइट www.sssc.uk.gov.in से डाउनलोड कर सकेगें। समस्त अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उनके द्वारा डाउनलोड किये गये प्रवेश–पत्र पर बार–कोड भी अंकित हो। लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को अपना प्रवेश–पत्र एवं पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य है।

(सुरेन्द्र सिंह रावत)
सचिव।